# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

■कोर्ट में पेश कर आरोपी को जेल भेजा

**संवाददाता**

देहरादून। डोईवाला पुलिस ने एसिड अटैक मामले में फरार चल रहे अभियुत्तफ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि कोतवाली डोईवाला पुलिस द्वारा धारा 307/120 बी 326 में वांछित अभियुत्तफ' जो घटना के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये गए थे, को मुखबिर की सूचना पर थानो रोड से गिरफ्तार किया। अभियुत्त को न्यायालय के समक्ष समय से पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पकड़ा गया आरोपी।

जॉलीग्रांट अस्पताल में मनोचिकित्सा में एमडी द्वितीय वर्ष का छात्र रोहित जो अपने कमरे में बैठा था, शुभम सैनी निवासी चमारीखेड़ा थाना फतेहपुर, जिला–सहारनपुर, उ0प्र0 नाम के लड़के ने पीछे से आ कर अचानक उसके ऊपर एसिड फेंक कर फरार हो गया।

एसिड के कारण रोहित गम्भीर रूप से घायल हो गया, इस संबंध में रोहित के पिता महेंद्र सिंह निवासी पटेल नगर की तहरीर पर थाने पर धारा 307/326।/120 के तहत मुकदमा पंजीकृत होकर विवेचना एसआई महावीर रावत, चौकी प्रभारी जॉलीग्रांट के सुपुर्द की गयी थी। डोईवाला थाना क्षेत्र में हुई इस घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त था। पुलिस पर इस घटना को लेकर जनता का भी काफी दबाव था। गिरफ्तारी होने से पुलिस ने राहत की सांस ली।

# शिक्षामित्रों को चार माह से नहीं मिला मानदेय, आंदोलन को चेताया

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को विगत 4 माह से मानदेय नहीं दिया गया है। जबकि शासन व निदेशालय स्तर से जनपद के लिए 4 माह का बजट आवंटित किया जा चुका है लेकिन जनपद के विभागीय अधिकारी और लेखा कोषागार के संबंधित अधिकारी नए सॉफ्टवेयर का बहाना बनाकर अल्प मानदेय पर कार्यरत शिक्षा मित्रों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

समय पर मानदेय न मिलने के कारण शिक्षामित्रों के समक्ष परिवार का पालन पोषण और रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। जिससे आक्रोशित जनपद दून के शिक्षामित्रों ने निर्णय लिया है कि यदि हम लोगों को विगत 4 माह का मानदेय 30 जून तक नहीं मिलता है तो आगामी 1 जुलाई से स्कूल जाना बंद कर देंगे क्योंकि हमारे पास विद्यालय आने जाने के लिए कोई और आय का साधन नहीं है। प्रशिक्षित शिक्षामित्र महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष खजान सिंह चौहान ने कहा है कि जनपद के संबंधित विभागीय अधिकारी मानदेय के संबंध में हमेशा लापरवाही करते हैं।

# सचिव पर्यटन ने किया केदार पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**निरीक्षण**

## सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने शुक्रवार को केदारनाथ धाम का भ्रमण कर वहां संचालित पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। सचिव पर्यटन द्वारा आई.आई.टी व वाडिया इंस्टीट्यूट के इंजीनियर व वैज्ञानिकों के साथ केदारनाथ के ऊपरी भाग पर स्थित चोराबाडी ताल व आस पास के क्षेत्र की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के बाद तकनीकि विशेषज्ञों ने इसे किसी भी प्रकार के नुकसान की आशंका से इंकार किया। उन्होंने इसे सामान्य प्रक्रिया बताया। उन्होंने बताया कि इस ताल में बर्फ पिघलने से पानी जमा होना सामान्य प्रक्रिया है।

केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान सचिव पर्यटन ने ''केदारनाथ आस्था पथ'' का निर्माण इस वर्ष जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा इसकी थर्ड पार्टी के स्तर पर गुणवत्ता की जांच निश्चित अन्तराल के बाद सुनिश्चित करने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिये।

सचिव पर्यटन जावलकर ने केदारनाथ में निर्मित किये जा रहे पुरोहित आवासों का भी निरीक्षण कर कार्यों मे तेजी लाने तथा इस निर्माण में स्थानीय शिल्प पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने पुरोहित आवासों के आवंटन प्रक्रिया के सम्बन्ध में भी कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को निर्देश दिये। यात्रियों की सुविधा के लिये उन्होंने केदारनाथ में ए.टी.एम. की स्थापना के लिये एचडीएफसी बैंक से शीघ्रता करने को कहा। उन्होंने ध्यान गुफा के बेहतर संचालन के लिए गढ़वाल विकास निगम के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के भी निर्देश दिये।

## यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा का रखें विशेष ध्यान

### केदारनाथ के लिए संचालित हेली सेवाओं का किया औचक निरीक्षण

देहरादून। सचिव नागरिक उड्डयन श्री दिलीप जावलकर द्वारा केदारनाथ के लिए संचालित हेली सेवाओं का केदारनाथ व गुप्तकाशी में औचक निरीक्षण कर संचालन व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि हेली सेवा प्रदाता संस्थाओं को अपनी सेवायें यात्रियों के अनुकूल बनानी होगी। हेली सेवा का उपयोग करने वाले तीर्थ यात्रियों को कोई कठिनाई न हो इसका ध्यान रखा जाय।

सचिव नागरिक उड्डयन जावलकर ने कहा कि हमारा प्रयास देश–विदेश से आने वाली तीर्थ यात्रियों को बेहतर वातावरण एवं सुविधायें उपलब्ध कराना है। इस दिशा में सभी को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कतिपय यात्रियों के हेली सेवा के टिकटों का भी निरीक्षण किया जिसमें ऑफ लाइन व ऑन लाइन दोनों प्रकार के टिकट सम्मिलित थे। सचिव नागरिक उड्डयन ने कतिपय यात्रियों की अधिक किराया वसूलने तथा असुविधाओं की शिकायती का भी संज्ञान लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को भी इस संबंध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये।

सचिव नागरिक उड्डयन श्री जावलकर ने हेलीपेड पर यात्रियों व हेली पेड की सुरक्षा का भी जायजा लिया। उन्होंने इस सम्बन्ध में यूकाडा के कार्मिकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने हेली सेवाओं की बुकिंग के लिये गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा निर्धारित स्थलों व अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को इस संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थायें अविलम्ब व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने हेलीपेड व बुकिंग स्थलों आदि में साफ–सफाई का विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिये।

## न्यूज डायरी

### स्मैक सहित महिला गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। डोईवाला पुलिस ने स्मेक के साथ महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त एक शातिर किस्म की स्मैक तस्कर है, जो पूर्व में भी स्मैक की तस्करी में जेल जा चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए थाना डोईवाला पुलिस द्वारा कुड़कावाला क्षेत्र में पूर्व से मिल रही अवैध स्मैक बिक्री की सूचनाओं को दृष्टिगत रखते हुए व0उ0नि0 डोईवाला के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा एक महिला अभियुक्त सोनी नि0 ग्राम–कुड़कावाला, थाना डोईवाला को आज प्रातःकाल कुड़कावाला क्षेत्र से '25.40 ग्राम स्मैक' सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### डग्गामारी में दो बसों को किया सीज

**(संवाददाता)** देहरादून। डग्गामारी के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस ने दो बसों को सीज कर दिया। जिसकी चलानी रिपोर्ट न्यायालय प्रेषित की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना रानीपोखरी पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग दो लग्जरी एसी बस नंबर यूपी 22टी–2851 और यूपी 15डीटी–713 को थाना गेट पर रोक कर चेक किया गया, तो दोनों वाहन चालक उत्त वाहनों को बिना परमिट तथा बिना कागजात के दिल्ली–ऋषिकेश–देहरादून गलत रूट व जगह–जगह से डग्गामार सवारी बैठा कर चलाते हुए पाए गए।

### ऑल. न्यू बीएमडब्ल्यू एस 1000 आर.आर भारत में लॉच

**(संवाददाता)** देहरादून। बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने आज भारत में ऑल. न्यू बीएमडब्ल्यू एस 1000 आर.आर सुपरबाइक को लॉच किया। ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एस 1000 आर.आर एक कम्प्लीटली बिल्ट अप यूनिट (सीबीयू) के रूप में उपलब्ध होगी और आज से इसे बीएमडब्ल्यू मोटोराड डीलरशिप्स में बुक किया जा सकता है। दिमत्रिस रैप्टिस, हेड ऑफ ऐशिया. पैसिफिक, चाइना, रशिया, अफ्रीका, बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने कहा किए स्पोर्टी राइडिंग की वास्तविक व्याख्या के लिए बीएमडब्ल्यू एस 1000 आर.आर से बढ़िया और काई बाइक नहीं हो सकती। 2009 में हमने बीएमडब्ल्यू एस 1000 आर.आर के लॉच के साथ हाई–परफॉर्मेन्स स्पोर्ट्स बाइक के बाजार में धमाकेदार प्रवेश किया था। रातों–रात यह अपने सेगमेंट में सबसे आगे निकल गई और उसके बाद से इसने परफॉर्मेन्स स्पोर्ट्स बाइक्स के क्षेत्र में एक मानदंड स्थापित किया है।

# सी. रविशंकर ने संभाला दून के डीएम का कार्यभार

**(संवाददाता)** देहरादून। देहरादून जनपद के 61वें जिलाधिकारी के रूप में 2009 बैच के आई.ए.एस अधिकारी सी रविशंकर द्वारा शुक्रवार पूर्वान्ह अपने पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिलाधिकारी सी रविशंकर इससे पूर्व अपर सचिव उत्तराखण्ड सचिवालय के अलावा संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत, लैंसडाउन, कोटद्वार के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी अल्मोड़ा एवं चमोली के उपरान्त जिलाधिकारी उत्तरकाशी एवं पिथौरागढ के पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं। नवआंगतुक जिलाधिकारी सी रविशंकर ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के रूप में तथा कोषागार के डबल लॉक का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है।



दून के नवआंगतुक डीएम सी. रविशंकर कोषागार के डबल लॉक का कार्यभार ग्रहण करते हुए।